भाकृअनुप - केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक 753 006

कृषि सलाहकार सेवा

जून 2026 के द्वितीय पखवाड़े की रणनीतियाँ
उपरीभूमि में शुष्क सीधी बुआई धान

- ऊपरी भूमि में धान की बुवाई पूरी करें। बीज की बुवाई कतारों में करें; इसके लिए सीड ड्रिल, तीन-टाइन वाले कल्टीवेटर-कम-सीड ड्रिल या पारंपरिक हल के पीछे 15 सेमी की दूरी पर बीज बोना बेहतर रहता है। बीज को 4-6 सेमी की गहराई पर बोना चाहिए। बीज के टेस्ट वेट (वजन) के आधार पर, छिटककर बुवाई के लिए 24-30 किलोग्राम प्रति एकड़ और सीड ड्रिल से बुवाई के लिए 12-16 किलोग्राम प्रति एकड़ बीज का इस्तेमाल करें।
- सीधी बुआई वाले धान में अंतिम भूमि की तैयारी के दौरान अच्छी तरह से सड़ी हुई गोबर खाद 8 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से प्रयोग किया जा सकता है।
- बुआई करने से पहले, बीज को ट्राइकोडर्मा डस्ट फॉर्मूलेशन 10 ग्राम/ किग्रा बीज दर से या राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा प्रदान किए गए कोई अन्य बीज उपचार रसायन के साथ बीजोपचार किया जाना चाहिए।
- ऊपरीभूमि धान में फास्फोरस और पोटाश की पूरी मात्रा 12 किग्रा प्रति एकड़ (75 किग्रा एसएसपी या 27 किग्रा डीएपी + 20 किग्रा म्यूरेट ऑफ पोटाश) को हल के पीछे से या उर्वरक-सह-बीज ड्रिल द्वारा आधारी मात्रा के रूप में प्रयोग करें।
- हाथों से निराई के विकल्प के रूप में, खरपतवारों के निकलने के 8-10 दिनों के बाद या जब नम मिट्टी में खरपतवार 2-3 पत्ती अवस्था में हो, तो बिस्पिरिबैक सोडियम 10% एससी 120 मिली/एकड़ दर से 16 लीटर क्षमता वाले 8 स्प्रेयर में छिड़काव किया जा सकता है ।

निचलीभूमि में शुष्क सीधी बुआई धान

- सीधी बुआई वाले धान में अंतिम भूमि की तैयारी के समय अच्छी तरह से सड़ी हुई गोबर खाद 8 क्विंटल प्रति एकड़ दर पर प्रयोग करें।
- मध्यम/कम-गहरे और गहरे पानी वाले धान के खेतों में, जहाँ सीधे बीज बोने की विधि अपनाई जाती है, ज़मीन को अच्छी तरह तैयार करने के लिए कल्टीवेटर का 2-3 बार इस्तेमाल करें और फिर ज़मीन को ठीक से समतल करें। हल्की मिट्टी में अच्छी तरह जुताई के लिए ट्रैक्टर से चलने वाले रोटावेटर का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- गहरे पानी वाले इलाकों में, बीज को कतार में बोएं। इसके लिए सीड ड्रिल, तीन-टायर वाले कल्टीवेटर-कम-सीड ड्रिल या पारंपरिक हल के पीछे 20 x 15 सेमी

की दूरी पर बुवाई करना बेहतर रहता है। बीज को 4-6 सेमी की गहराई पर बोना चाहिए।

- अर्ध गहरे और गहरे जल वाले भूमि में सीधे बोए गए चावल के क्षेत्रों में जहां टॉप ड्रेसिंग संभव नहीं है, अंतिम भूमि की तैयारी के समय नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश की पूरी मात्रा में 16:8:8 किग्रा/एकड़ की दर से आधारी खुराक (17.5 किग्रा डीएपी + 13.5 किग्रा एमओपी + 30 किग्रा यूरिया) के रूप में प्रयोग की जा सकती है।
- उथली निचलीभूमि धान में फास्फोरस और पोटाश की पूरी मात्रा 16 किग्रा प्रति एकड़ (35 किग्रा डीएपी या 27 किग्रा एमओपी) प्रयोग करें जबकि रेतीली मिट्टी में 35 किग्रा डीएपी + 13.5 किग्रा एमओपी आधारी मात्रा के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।
- जीवाणुज अंगमारी या जीवाणुज पत्ता अंगमारी स्थानिक क्षेत्रों में, 10 किलो बीज को 20 लीटर पानी में 1.5 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन + 20 ग्राम कैप्टन 8-10 घंटे के लिए भिगोकर बीज उपचार करना चाहिए।
- बुआई से पहले, बीज को ट्राइकोडर्मा डस्ट फॉर्मूलेशन 10 ग्राम/ किग्रा बीज दर पर या कैप्टन 50% (कैप गोल्ड 50) या थिरम 75% (थिरम 75 / थिरॉक्स) 3 ग्राम प्रति किलो बीज दर से या राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा प्रदान किए गए किसी अन्य बीज उपचार रसायन के साथ उपचार किया जाना चाहिए।
- सीधी बुआई वाली धान के लिए बुआई कार्य पूरा कर लेना चाहिए। बीजों को अधिमानतः सीड ड्रिल या थ्री-टाईन कल्टीवेटर-कम-सीड ड्रिल के साथ या देशी हल के पीछे 20 x 15 या 20 x 10 सेंटीमीटर की दूरी पर जुताई करना चाहिए जिससे धान पावर वीडर का उपयोग करते समय यांत्रिक खरपतवार नियंत्रण की सुविधा सुनिचित होती है। बीज को 4-6 सेमी की गहराई पर बुआई करनी चाहिए। बीज के परीक्षण वजन के आधार पर 24-30 किलोग्राम प्रति एकड़ अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों का प्रयोग की जा सकती है।
- हाथों से निराई के विकल्प के रूप में, खरपतवारों के निकलने के 8-10 दिनों के बाद या जब नम मिट्टी में खरपतवार 2-3 पत्ती अवस्था में हो, तो बिस्पिरिबैक सोडियम 10% एससी 120 मिली/एकड़ दर पर 16 लीटर क्षमता वाले 8 स्प्रेयर में छिड़काव की जा सकती है।

प्रतिरोपित खरीफ धान

- अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्र, ब्लॉक कार्यालयों, विश्वसनीय स्रोतों और अन्य प्रतिष्ठित फार्मों से उथली निचलीभूमि में प्रतिरोपित चावल के

लिए गीतांजलि, सीआर सुगंध धान 907, सीआर सुगंध धान 908, सीआर सुगंध धान 910 जैसी किस्मों के अच्छी गुणवत्ता वाले बीज चुनें।

- भूमि की शुरुआती तैयारी के बाद 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से हरी खाद वाली फसल 'ढैंचा' की बुवाई करें और मिट्टी में जैविक कार्बन व नाइट्रोजन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 40-45 दिनों बाद खेत में पानी भरकर कीचड़दार बनाकर जुताई के समय इसे मिट्टी में मिला दें।
- बुवाई से पहले बीजों को कार्बेंडाज़िम 50 डब्ल्यूपी (बाविस्टिन/गोल्डस्टिन) 1.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज, या कैप्टान 50% (कैपगोल्ड/कैप्टारा) या थिरम 75% (थिरम 75/थिरॉक्स) 3 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करना चाहिए। प्रतिष्ठित एजेंसियों/दुकानों से प्राप्त ट्राइकोडर्मा पाउडर जैसे बायो-एजेंट का उपयोग भी 10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज उपचार के लिए किया जा सकता है।
- चूंकि ओडिशा के अधिकांश भाग में पहले से ही पर्याप्त मात्रा में प्री-मानसून वर्षा हो चुकी है, खरीफ धान के लिए सूखी नर्सरी के लिए भूमि की तैयारी की जानी चाहिए।

निचली भूमि एवं गहरा जल	ऊपरीभूमि एवं ऐरोबिक धान	मध्यवर्ती एवं प्रतिरोपित धान	बाढ़ प्रवण एवं उथली निचलीभूमि प्रतिरोपित धान	तटीय लवणीय क्षेत्र	सिंचित मध्यम और उथली निचलीभूमि
सीआर धान 501 सीआर धान 510 सीआर धान 511 सीआर धान 512 सीआर धान 500 सीआर धान 502 सीआर धान 503 सीआर धान 505 सीआर धान 507 सीआर धान 508 दुर्गा सरला गायत्री वर्षाधान	सीआर धान 100 सीआर धान 102 सीआर धान 108 सीआर धान 203 सीआर धान 205 सीआर धान 206 सीआर धान 207 सीआर धान 209 सीआर धान 211 सीआर धान 212 सीआर धान 214 सीआर धान 807 वंदना सहभागीधान	सीआर धान 307 सीआर धान 310 सीआर धान 311 सीआर धान 312 सीआर धान 314 सीआर धान 315 सीआर धान 316 सीआर धान 317 सीआर धान 319 सीआर धान 321 सीआर धान 324 सीआर धान 326 सीआर धान 327 सीआर धान 329 सीआर धान 331 सीआर धान 332 सीआर धान 337 सीआर धान 804 सीआर धान 805 सीआर धान 809	सीआर धान 800 सीआर धान 801 सीआर धान 802 सीआर धान 810 सीआर धान 811 सीआर धान 408 सीआर धान 409 सीआर धान 410 सीआर धान 411 सीआर धान 412 सीआर धान 413 सीआर धान 414 सीआर धान 416 स्वर्णा स्वर्णा सब 1 पुजा पुजा सब 1 सीआर धान 109 सब 1	सीआर धान 405 सीआर धान 403 सीआर धान 412 सीआर धान 414 लुणीश्री लुणा बरियल	सीआर धान 701 सीआर धान 702 सीआर धान 703 सीआर धान 706 अजय राजलक्ष्मी